हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

10 श्री ओम साईराम किड्स गार्डन प्ले स्कूल में...



11 राव सुल्तान स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



# 152-डी होकर जाने वाली तीन बसों के रूट में हुआ बदलाव

## नारनौल से वाया लहरोदा, भालखी-दौंगड़ा होते हुए जाएंगी चंडीगढ़

- महेंद्रगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़ जाने के लिए उठानी पड़ सकती है परेशानी, सुबह साढ़े आठ बजे से पहले चंडीगढ़ जाने के लिए नहीं मिलेगी कोई बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नारनौल से चंडीगढ़ जाने वाली 152 डी रूट की तीन बसों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। अब ये बसें नारनौल से वाया महेंद्रगढ़ से बुचावास होकर जाने की बजया लहरोदा, भालखी, दौंगड़ा होते हुए 152 डी पर चलेंगी और फिर चंडीगढ़ पहुंचेंगी। इस बदलाव के कारण महेंद्रगढ़ व आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रियों को सुबह साढ़े आठ बजे से पहले चंडीगढ़ जाने के लिए कोई सीधी बस उपलब्ध नहीं होगी। पहले सुबह जल्दी बसें मिल जाया करती थी, लेकिन अब समय-सारणी में इस बदलाव के बाद शुरुआती समय में यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ेगा। यात्रियों का कहना है कि इससे न केवल समय बढ़ेगा, बल्कि सुबह जल्दी चंडीगढ़ जाने वाले नौकरीपेशा और छात्र-छात्राएं, ज्यादा प्रभावित होंगे। नारनौल से चंडीगढ़ 152-डी ग्रीन कॉरिडोर पर विभिन्न डिपो की ओर से बसों का संचालन किया जा रहा है। नारनौल, चंडीगढ़, अंबाला, दादरी, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर डिपो शामिल है। 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से बसों का संचालन शुरू होने के बाद जिला कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को लाभ मिल रहा हैं। महेंद्रगढ़, दादरी, रोहतक से चंडीगढ़ रोडवेज बस में 410 रुपये किराया लगता है तथा महेंद्रगढ़ से 152 ग्रीन कॉरिडोर से रोडवेज बस में 370 रुपये किराया लगेगा।



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड पर खड़ी रोडवेज बस।

### बस सेवा की समयसारिणी

| डिपो | नारनौल का समय | चंडीगढ़ का समय |
|---|---|---|
| नारनौल | सुबह 4:00 बजे | दोपहर 12:00 बजे |
| चंडीगढ़ | सुबह 5 बजे | शाम 4 बजे |
| नारनौल | सुबह 6 बजे | शाम तीन बजे |
| अंबाला | सुबह 6: 42 बजे | शाम 4:40 बजे |
| नारनौल | सुबह 10 बजे | शाम 5.30 बजे |
| चंडीगढ़ | शाम 5.30 बजे | सुबह 6.30 बजे |

### महेंद्रगढ़ होकर जाने वाली बसों की समयसारिणी

| डिपो | नारनौल -महेंद्रगढ़-चंडीगढ़ का समय |
|---|---|
| नारनौल | सुबह 8 बजे-सुबह 8:30 बजे-शाम 5 बजे |
| दादरी | सुबह 9 बजे-सुबह 9:30 बजे-शाम 4 बजे |
| यमुनानगर | सुबह 11 बजे-सुबह 11:30 बजे-सुबह 7:30 बजे |
| कुरुक्षेत्र | सुबह 12 बजे-दोपहर-12:30 बजे-सुबह 8:30 बजे |
| नारनौल | दोपहर 2:15 बजे-दोपहर 3 बजे-सुबह 8 बजे |
| नारनौल | शाम 4 बजे-शाम 4:30 बजे-रात 9 बजे |
| दादरी | सायं 6:30 बजे-शाम 7 बजे-सुबह 6:20 बजे |

### तीन बसों के रूट में हुआ बदलाव

*नारनौल डिपो की ओर से तीन बसों के रूट में बदलाव किया है। सुबह चार, सुबह 6:10 बजे तथा सुबह 10 बजे नारनौल से चलकर महेंद्रगढ़ वाया बुचावास होते हुए चंडीगढ़ जाने वाली बस वाया लहरोदा, भालखी दौंगड़ा कट होते हुए सीधी चंडीगढ़ जाएगी। इससे अटेली, दौंगड़ा व सिहमा के यात्रियों को फायदा मिलेगा। वहीं महेंद्रगढ़ व सतनाली व आसपास लगते राजस्थान के गांवों के यात्रियों को काफी परेशानी होगी। उनको सुबह के समय महेंदगढ़ से चंडीगढ़ के लिए कोई बस सेवा नहीं मिलेगी। यहां के यात्रियों को चंडीगढ़ के लिए बस पकड़ने के लिए बुचावास कट तथा नारनौल जाना पड़ेगा, जबकि यहां से सुबह के समय कोई बस सेवा नहीं है। ऐसे में यात्रियों को अपना निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ेगा।*



नारनौल। महावीर चौक पर अमेरिका राष्ट्रपित को पुतला फूंकते प्रदर्शनकारी।

## किसान संगठनों ने प्रदर्शन कर फूंका अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला

**नारनौल।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को किसान संगठनों ने विदेशी कंपनिया भारत छोड़ो व कॉरपोरेट घरानों खेती से दूर हटो दिवस मनाया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से जुलूस के रूप में लघु सचिवालय में बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो, कॉरपोरेट घरानों खेती से दूर हटो, अमेरिका साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सौंपा। इससे पूर्व किसान व मजदूर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में विदेशी कम्पनियों भारत छोड़ो व कॉरपोरेट घरानों खेती से दूर हटो, अमेरिकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ महावीर चौक पर अमरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का पुतला जलाया। ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता रद्द करने, अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं करने, कृषि मार्केटिंग की राष्ट्रीय नीति के मसौदे व राष्ट्रीय सहकारी नीति वापस लेने, लागत से डेढ़ गुणा फार्मूले पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने, सरकारी खरीद सुनिश्चित करने, समस्त कर्ज माफी, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों का उत्पीड़न बंद करने, बिजली क्षेत्र के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, हरियाणा सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी पर रोक लगाने, सभी सरकारी पेंशन 10000 रुपये प्रति लाभार्थी देने, 10 साल पुराने ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की नीति को रद्द करने, सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति पर रोक लगाने, वन अधिकार अधिनियम 2006 को इसकी मूल भावना में लागू करने, आदिवासी व अन्य वनवासियों के विस्थापन नहीं करने, जंगल कटान पर रोक लगाने, पुलिस और प्रशासन की ओर से समर्थित सांप्रदायिक हिंसा पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक छाजूराम रावत, एसकेएम के घटक संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह, जय किसान यूनियन के कामरेड दिलीप सिंह, एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, जिला प्रधान बलबीर सिंह, अभय सिंह, यादराम कोरियावास, मास्टर सुबेसिंह, सीताराम, हंसराज, रामस्वरूप नम्बरदार, शेरसिंह गणियार, रत्नलाल, घनश्याम, हरचंद, रामस्वरूप कसाना, सतीश कुमार, महावीर प्रसाद गोद, हेतराम, महीपाल, भीमसेन, अतर सिंह आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने प्रजापति समुदाय के परिवारों को वितरित किए पात्रता प्रमाण पत्र

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार हर वर्ग के स्वाभिमान व रोजगार का ख्याल रख रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज से एक माह पहले भिवानी में किया वादा आज पूरा कर दिया है। इससे साबित होता है कि आत्मनिर्भर भारत तथा आत्मनिर्भर हरियाणा बनाने के लिए राज्य कितनी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में कुम्हार प्रजापति समुदाय के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशवासियों को संबोधित किया। कुम्हार प्रजापति समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह प्रमाण पत्र न केवल भूमि उपयोग का अधिकार देता है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी देगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह प्रमाण पत्र आपके सुरक्षित भविष्य की नींव है। यह इन परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के लगभग एक लाख परिवारों को यह प्रमाण पत्र दिए गए हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 2013 पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ये परिवार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र हो जाएंगे।

***जिला महेंद्रगढ़ के 40 गांवों में समाज के लिए जमीन की आरक्षित:*** इस अवसर पर डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के 40 गांवों में इस समाज के लिए जमीन आरक्षित की है। यहां से वे मिट्टी का उपयोग अपने कार्य के लिए कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव, बीडीपीओ नारनौल रेणु यादव, बीडीपीओ अटेली नवदीप कुमार, पूर्व जिला प्रधान भाजपा दयाराम यादव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।



नारनौल। प्रजापति समुदाय के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। फोटो : हरिभूमि

# जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कलः आईटीआई में राजस्व मंत्री विपुल गोयल करेंगे ध्वजारोहण

- महेंद्रगढ़ में विधायक ओमप्रकाश यादव, कनीना में विधायक कंवर सिंह यादव व नांगल चौधरी में गुरुग्राम के कमिश्नर होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आईटीआई मैदान में 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। इस बार आईटीआई में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे।

इसके अलावा महेंद्रगढ़ में नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ध्वजारोहण करेंगे। वहीं कनीना में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा नांगल चौधरी में गुरुग्राम के कमिश्नर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के दौरान 10 स्कूली टीमों ने देशभक्ति तथा हरियाणवी संस्कृति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। डीएसपी भारत भूषण परेड कमांडर थे। इस दौरान आठ टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। इनमें पुलिस, महिला पुलिस, होमगार्ड, रेडक्रॉस, स्काउट, गाइड, कब व बुलबुल शामिल है। इसके अलावा पीटी शो तथा डंबल लेजियम शो का भी शानदार प्रदर्शन किया गया। अंत में सीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय गान गाया।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की स्वतंत्रता दिवस समारोह के पावन अवसर पर करवाए जाने वाले सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से होने चाहिए। यह राष्ट्रीय पर्व है, इसमें सभी अधिकारी पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।



नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती विभिन्न स्कूली टीम। फोटो : हरिभूमि

ULM | URBAN LAND MANAGEMENT
ON THE HORIZON, ALWAYS.



GURUGRAM-PATAUDI-REWARI EXPRESSWAY OPENING SOON

GURUGRAM SECTOR 87/88 TO ULM AMANGANI REWARI
— 25 MINUTES —

IGI AIRPORT TO ULM AMANGANI REWARI
— 35 MINUTES —

Vastu Compliant Homes
AMANGANI
3 BHK & 4 BHK LUXURY HOMES

Visit today and find out why Amangani should be your dream home.

हम आपको विश्वास दिलाते है अमनगनी का घर एनसीआर में सबसे सर्वश्रेष्ठ घर है। परिवार के साथ आए ओर इस सत्य को जानिए । हर कोई रहने वाला देखने वाला यह क्यों कहता है कि ऐसा घर ओर कहीं नहीं।

Please call the below number for free pick and drop service to ULM Amangani.
+91 82220 18402






For more information please call : +91 8222 018 402

HRERA REG: HRERA-PKL-RWR-73-2019

ULM | URBAN LAND MANAGEMENT
ON THE HORIZON, ALWAYS.

Garhi Bolni Road, Sector-25, Rewari-123401, Haryana
Tel: +91 1274-260955/260235 I M : +91 8222018402 I info@ulmgroup.in I www.ulmgroup.in

Disclaimer: Conditions apply All buildings information's specifications etc are tentative and subject to variation and modification by the company or the competent authorities sanctioning such plans Photogaphs/images used are only artistic impressions (not a legal offering). License No. : 116 of 2008 dated 31.5.2008 dated 31.5.2008. Residential Group Housing Colony, Licensee: Bhakti Building, club House, Developer: Urban Land Management Private Limited, Building Plan Approval no. ZP-467/JD(BS)/2012/8981 dated 23.5.2012, provision for community building, club House, Nursery School and religious building and area for convenient shopping. Copies of approvals can be seen with prior intimation at our site.

## खबर संक्षेप

### प्रजापति विकास समिति कनीना की बैठक आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव दौगड़ा जाट के बाबा भैया मंदिर में प्रजापति विकास समिति ब्लॉक कनीना की बैठक 14 अगस्त को होगी। समिति के प्रवक्ता शिवम दीप व नवनियुक्त प्रधान ठेकेदार बलवान सिंह ने बताया कि बैठक प्रातः 11 बजे सरकारी स्कूल के समीप बाबा भैया मंदिर में की जाएगी। जिसमें समिति की जिम्मेवारी दी जाएगी।

### आज अटेली अनाज मंडी में आंखों का कैंप

**मंडी अटेली।** अटेली अनाज मंडी में 14 अगस्त प्रातः 10 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक एक निजी अस्पताल की ओर से आंखों का कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में दवाइयां व आंखों की जांच निःशुल्क की जाएगी। शिविर में मोतियाबिंद, चश्मे जांच, काले मोतियाबिंद, आंखों में लाली पन, खुजली, जलन, पानी आना जैसी अनेक प्रकार की जांच की जाएगी।

### श्री कड़ियां वाले हनुमान मंदिर में जन्माष्टमी 16 को

**नारनौल।** श्री कड़ियां वाले बालाजी धाम पर कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक पुजारी आचार्य नरेंद्र निर्मल ने बताया कि कई वर्षों से जन्माष्टमी का पर्व विशेष रूप से मनाते आ रहे है। आचार्य ने बताया कि इस बार का जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। रात्रि 11:15 बजे बाल गोपाल का दूध, दही, शहद, घी, शरकरा, केसर, कपूर, गुलाब जल, तुलसी रस आदि से अभिषेक किया जाएगा।

### कनीना में तिरंगा यात्रा आज

**कनीना।** आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त को खंड स्तर पर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि इस यात्रा के मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव होंगे। मॉडल संस्कृति स्कूल से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### कनीना नपा ने जारी किया टोल फ्री नम्बर

**कनीना।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से साफ सफाई व स्ट्रीट लाइट को लेकर टोल फ्री नम्बर जारी किया है। इस बारे में नपा सचिव कपिल कुमार बताया कि नपा के सभी 14 वार्डों में किसी भी नागरिक को साफ सफाई व बिजली की दिक्कत होती है, तो वह 9467859544 पर सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक कॉल कर सकते है। उनकी समस्या का तत्परता से निदान किया जाएगा।

### डेरोली अहीर में बाबा गोगाजी का मेला 17 को

**मंडी अटेली।** गांव डेरोली अहीर में बाबा गोगाजी महाराज का मेला 17 अगस्त गोगा नवमी को भरेगा। मेला कमेटी एवं सरपंच लखीराम यादव ने बताया कि मेले में खेल प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें कुश्तियां 50 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक करवाई जाएंगी। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 31 हजार व द्वितीय 21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### कोटिया में मेला और भंडारा 17 को

**नारनौल।** गोगा नवमी पर 17 अगस्त को बाबा बुजेश्वर महाराज आश्रम कोटिया में मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि मेले में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। सचिव मंजीत कुमार ने बताया कि खेलकूद में कबड्डी, दौड़, हाई जम्प, रस्साकसी, बुजुर्गों की दौड़ व महिलाओं की मटका दौड़ तथा वॉलीबॉल आदि खेल आयोजित करवाए जाएंगे।

### अटेली विधानसभा में तिरंगा यात्रा आज

**नारनौल।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अटेली विधानसभा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगने जा रहा है। 14 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसका नेतृत्व हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव करेंगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

युवा सोच को नई उड़ान देने के मकसद से शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड योजना

# राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के लिए 6 विद्यार्थियों के आइडियाज चयनित

- जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना में विद्यार्थी कोई भी नया और रचनात्मक विचार भेज सकते हैं
- शीर्ष 60 विचारों/नवाचारों का प्रदर्शन राष्ट्रपति भवन में किया जाएगा और राष्ट्रपति की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

युवा सोच को नई उड़ान देने के मकसद से विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत सत्र 2024–25 के चयनित विद्यार्थियों के लिए 30 जुलाई को हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के छह विद्यार्थियों के मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

### 15 सितंबर तक कर सकते है ऑनलाइन पंजीकरण

देश की उन्नति में योगदान के लिए एक अच्छा आइडिया बच्चे की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है, न केवल उसका देश में नाम होगा बल्कि आजीवन कमाई भी होगी। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना में विद्यार्थी कोई भी नया और रचनात्मक विचार भेज सकते हैं। इसके लिए इस बार से कक्षा छठी से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।

निजी व सरकारी विद्यालय मुखिया अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को अपने अपने आइडिया लिखने के लिए दें और उनमें से पांच सर्वश्रेष्ठ मूल विचारों के नामांकन किसी भी मान्यता प्राप्त भाषा में सम्बंधित विद्यालय मुखिया की ओर से इंस्पायर अवॉर्ड कि वेबसाइट पर स्कूल लॉग इन में जाकर करवाए।

पहले एक लाख विचारों का चयन होगा। जिन्हें मॉडल बनाने के लिए 10 हजार रुपये उनके खाते में दिए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता से 10 हजार में से एक हजार नवप्रवर्तन का चयन होगा। शीर्ष 60 विचारों/नवाचारों का प्रदर्शन राष्ट्रपति भवन में किया जाएगा और राष्ट्रपति की ओर से उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही सकुरा एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी एवं शिक्षक को जापान की यात्रा का अवसर भी मिलेगा। इसमें आइडिया का चयन होने पर यदि उसे पेटेंट करा दिया जाता है, तो उस पर जब तक कार्य होगा, तब तक उसकी कमाई का कुछ हिस्सा भी विद्यार्थी को मिलेगा।

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना के हिमांशु



राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना के छात्र हिमांशु कक्षा 10वीं ने नवाचारी प्रोजेक्ट एंगल सेंसर फॉर मोबाइल होल्डिंग हैंड्स के माध्यम से इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए स्थान प्राप्त किया है। हिमांशु का यह मॉडल मोबाइल का उपयोग करते समय होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे आंखों में तनाव, गर्दन व हाथ में दर्द से बचाव करता है। इस डिवाइस में लगा एंगल सेंसर, सर्वो मोटर, बजर मिलकर एक ऐसा सिस्टम बनाते हैं, जो मोबाइल को गलत कोण पर पकड़ने या बहुत पास लाने पर अलर्ट देता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों, विद्यार्थियों व व्यस्कों को सही पोस्चर बनाए रखने में मदद करना है, जिससे मोबाइल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को कम किया जा सके।

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ का इशांत



राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ के छात्र इशांत कक्षा 10वीं ने आसान रोपण उपकरण के माध्यम से इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए स्थान प्राप्त किया है। इशांत ने जब देखा कि पौधे लगाते समय गड्ढा खोदने के लिए, मिट्टी निकालने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है, तो इसके विकल्प के तौर पर उसने यह यंत्र बनाने के लिए सोचा। इससे कम समय में व कम मेहनत में ज्यादा पौधे लगाए जा सकते हैं। जिससे पौधारोपण व बागवानी का काम काफी आसान हो जाता है।

### इन विद्यार्थियों के मॉडल चयनित

### राजकीय वरिष्ठ मावि नांगल माला की छात्रा एकता



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल माला की छात्रा एकता कक्षा आठवीं ने बस चालक की समस्या के लिए प्रणाली के माध्यम से इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए स्थान प्राप्त किया है। बस यात्रा के दौरान, कई यात्री-विशेष रूप से बच्चे-अनजाने में खिड़की से हाथ, सिर, या अन्य अंग बाहर निकाल लेते हैं। यह एक गंभीर जोखिम पैदा करता है, क्योंकि पास से गुजरने वाला वाहन दुर्घटना का कारण बन सकते है। इस समस्या के समाधान के लिए एकता ने आइडिया दिया है कि एक ऐसा उपकरण बनाया जाए, जिससे बस की खिड़की से शरीर का अंग बाहर निकलने पर वह चालक को तुरंत सतर्क कर दें।

### राजकीय मावि महरमपुर की छात्रा अंशु बबेरवाल



राजकीय माध्यमिक विद्यालय महरमपुर की छात्रा अंशु बबेरवाल कक्षा आठवीं का चयन राज्य स्तरीय मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। इन्होंने साइंस एंड टेक्नोलॉजी स्मार्ट इन्नोवेटिव बैग विद रेन सेंसिंग अंब्रेला प्रोजेक्ट बनाया है।

### दक्ष कुमार बीआर ज्ञानदीप स्कूल सूरजनवास



महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दक्ष कुमार कक्षा 11वीं बीआर ज्ञानदीप स्कूल सूरजनवास ने एक यन्त्र का आइडिया दिया गया था। जिसे राज्य स्तरीय मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। यह उपकरण आपात स्थिति में तुरंत सक्रिय होकर अलार्म और सिग्नल भेज सकता है। इसमें वायरलेस ट्रांसमीटर लगा है, जो लोकेशन की जानकारी दूरस्थ स्थान तक पहुंचा सकता है।

### शिवचरण आरआर ग्रीन मैक्स स्कूल खेड़ी तलवाना



शिवचरण कक्षा सातवीं आरआर ग्रीन मैक्स स्कूल खेड़ी तलवाना का प्रोजेक्ट फिंगर सेफ्टी नाइफ एक स्मार्ट सुरक्षा उपकरण है, जिसे उपयोगकर्ता की उंगलियों को कटने से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें आई आर सेंसर, रिले और सोलिनॉइड मोटर का उपयोग किया गया है। जैसे ही सेंसर किसी उंगली की उपस्थिति का पता लगाता है, यह सिग्नल रिले को भेजता है। रिले तुरंत सोलिनॉइड मोटर को सक्रिय कर देता है, जिससे चाकू की ब्लेड तुरंत पीछे खिंच जाती है और कटने का खतरा टल जाता है। यह प्रणाली तेजी से प्रतिक्रिया करती है, जिससे काम करते समय दुर्घटना की संभावना बहुत कम हो जाती है। यह प्रोजेक्ट घरेलू उपयोग, स्कूलों, किचन व इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए समाधान प्रदान करता है।

### राज्य स्तर पर भी जिले का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा: डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने सत्र 2024–25 में इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों, उनके अध्यापकों, विद्यालय मुखियाओं को बधाई दी और उम्मीद जताई की राज्य स्तर पर भी जिले का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। उन्होंने कहा कि सत्र 2025–26 के लिए सभी विद्यालय अपने विद्यार्थियों का आइडिया ऑनलाइन जमा करवाए। इस सत्र में 15 जून से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संदर्भ में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को भी अगस्त माह में अधिक से अधिक नॉमिनेशन करवाने के लिए कहा गया है।

## राव रामचंद्र स्कूल में जिला स्तरीय हैंडबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कनीना स्थित राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। समापन के दिन जिले के विभिन्न स्कूलों से आई हुई विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन बास्केटबॉल अंडर 19 में प्रथम स्थान आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़, द्वितीय स्थान यदुवंशी नारनौल, अंडर 17 में प्रथम स्थान आरपीएस महेंद्रगढ़ व द्वितीय स्थान आरपीएस नारनौल, अंडर 14 मे प्रथम स्थान आरपीएस महेंद्रगढ़, द्वितीय स्थान आरपीएस नारनौल ने प्राप्त किया। हैंडबॉल में अंडर 19 में आरपीएस कनीना ने प्रथम व रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना ने दूसरा, अंडर 17 में एमआर स्कूल मित्रपुरा ने पहला स्थान व हेरिटेज स्कूल मोहनपुर ने दूसरा, अंडर 14 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुडाना ने पहला व यूरो इंटरनेशनल स्कूल कनीना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। स्कूल के चेयरमैन रोशनलाल यादव, डायरेक्टर विपुल यादव व प्रिंसिपल हरिप्रकाश शर्मा ने विजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। डीपी प्रवीण आरपीएस कनीना, कोच संजीव कुमार राता कलां, कोच अमित कुमार आरएसएस, डीपी सुनील, राकेश आदि मौजूद रहे।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### आज निकाली जाएगी विशाल तिरंगा यात्रा

**नारनौल।** नागरिकों में देशभक्ति व देश प्रेम की भावना को और अधिक जागृत करने के उद्देश्य से 14 अगस्त को दोपहर दो बजे भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा लघु सचिवालय से शुरू होकर महेंद्रगढ़ रोड होते हुए महावीर चौक से वापस आईटीआई मैदान में पहुंचेगी। जिसमें हजारों नागरिक भाग लेंगे। इसी भव्य आयोजन के संबंध में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

एसडीएम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों के बच्चे, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएंगे।

## यदुवंशी विद्यालय में एनएसएस और एनसीसी छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ यात्रा में भाग लिया। यात्रा की शुरूआत विद्यालय के वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर की। एनएसएस प्रमुख अनुप एवं एनसीसी प्रमुख नवीन यादव के नेतृत्व में यह यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आस-पास के क्षेत्रों में निकाली गई। छात्रों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम, भारत माता की जय एवं जय हिंद जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। इस यात्रा से छात्रों ने देश के प्रति अपने प्रेम और कर्तव्यबोध का परिचय दिया है। ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता, भाईचारा और त्याग की प्रेरणा देता है। आज की यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के प्रति वफादारी और सम्मान की शपथ हैं।



**महेंद्रगढ़।** तिरंगा यात्रा निकालते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सरस्वती स्कूल की छात्रा का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा कलां स्थित सरस्वती शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक ढाढोत में एचआईवी एड्स, एड्स स्वस्थ जीवनशैली पर आयोजित खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। स्कूल छात्रा शालवीं अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ खंड के 20 टीमों ने हिस्सा लिया। आरआरसीएम ग्रुप के चेयरमैन रोशनलाल यादव ने छात्रा की प्रतिभा की सराहना की व जिला स्तर सफलता की कामना की। स्कूल प्रधानाचार्य ने भी छात्रा के जिला स्तर पर चयन के लिए बधाई दी।

जजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

## किसानों को समय पर नहीं मिल रही खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी किरण पूनिया व प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने बुधवार को अपने प्रकोष्ठों की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में ली। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने की। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका ने कहा कि जब पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सरकार में थे, तब किसानों को कोई भी समस्याएं नहीं आती थी। आज किसानों की दयनीय हालत हो रही हैं। जब किसान खाद लेने जाता है, उसे कहीं खाद नहीं मिलता, पूरे दिन काम छोड़कर खाद के लिए चक्कर लगाता है।

प्रदेश महिला मोर्चा की प्रभारी किरण पूनिया ने कहा कि पूर्व विधायक विधायक नैना चौटाला के प्रयासों से महिलाओं का पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया था। राशन डिपों में आरक्षण दिलाया था। उन्होंने हर वक्त महिलाओं की आवाज विधानसभा में उठाई। प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि आज हरियाणा में महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं है।



**नारनौल।** बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते किरण पूनिया। फोटो : हरिभूमि

## श्री ओम साईंराम किड्स गार्डन प्ले स्कूल में धूमणाम से जन्माष्टमी मनाई



**महेंद्रगढ़।** शहर के नयाबास मोहल्ले में स्थित श्री ओम साईंराम किड्स गार्डन प्ले स्कूल में जन्माष्टमी समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान असंख्य अभिभावक अपने-अपने बच्चों को राधा-कृष्ण बनाकर विद्यालय में लेकर आए। जहां बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां पेश करने के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। चेयरमैन रमेश सैनी व चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी न केवल भगवान कृष्ण के जन्म की खुशियों को दर्शाता है, बल्कि जीवन में धर्म नैतिकता और प्रेम के उच्च आदर्शों की प्रेरणा भी देता हैं। देशभर में इस पर्व को बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है, जिसमें झांकियां, भजन कीर्तन और रासलीला की प्रस्तुतियां शामिल होती हैं।

## सांसद धर्मबीर सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं

- संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए

**नारनौल।** जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ भिवानी सांसद धर्मबीर चौधरी व भाजपा के जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की बैठक में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने समस्याएं रख। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह कहा कि जनता की सेवा ही प्राथमिकता है। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विषयों से जुड़ी समस्याएं सुनकर तुरंत बैठक में अधिकारियों को कार्रवाई हेतु कहा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं उनके संज्ञान में आई हैं, उनका यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि पार्टी का संगठन लगातार जनसमस्याओं को गंभीरता से ले रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से जनसमस्याएं सुनें।



**नारनौल।** समस्याएं सुनते सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम | शिविर में राज्यभर से चयनित 120 अध्यापक भाग लेंगे

## टीजीटी अध्यापकों को दिया जाएगा एक्शन रिसर्च पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम की ओर से राज्य के प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों के लिए एक्शन रिसर्च पर आधारित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस संदर्भ में एससीईआरटी हरियाणा के उपनिदेशक ने पत्र क्रमांक आरईएपी/ 2025/ एससीईआरटी/137 जारी कर राज्य सभी डाइट प्रिन्सिपल को आदेश दिया है कि अपने अपने जिले से सूची अनुसार प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों को शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दें। यह शिविर 20 अगस्त से 22 अगस्त तक एससीईआरटी के निर्णय हाल व मंथन हाल में आयोजित किए जाएंगे।

एक्शन रिसर्च के प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को उनके शैक्षणिक कार्य में नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। शिविर में एक्शन रिसर्च की तकनीकों एवं विधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी, ताकि शिक्षक अपने विद्यालयों में व्यावहारिक समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान स्वयं खोज सकें।

शिविर में राज्यभर से चयनित 120 अध्यापक भाग लेंगे। विषय विशेषज्ञों व राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के प्रशिक्षकों की ओर से प्रतिभागियों को एक्शन रिसर्च की रूपरेखा, प्रक्रिया, डाटा संग्रहण व विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन आदि के व्यवहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### क्या है एक्शन शोध

एक्शन रिसर्च एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। जिसमें शिक्षक अपनी कक्षा या स्कूल में किसी समस्या की पहचान करते हैं, समाधान के लिए योजना बनाते हैं, उस योजना को लागू करते हैं और फिर परिणामों का मूल्यांकन करते हैं। यह एक चक्रीय प्रक्रिया है, जिसमें योजना, क्रिया व मूल्यांकन शामिल हैं। शिविर के अंत में प्रतिभागियों की ओर से अपने प्रस्तावित रिसर्च टॉपिक प्रस्तुत किए जाएंगे और उन्हें परिषद द्वारा आगामी महीनों में क्रियान्वयन के तैयार किया जाएगा। एससीईआरटी हरियाणा की ओर से जारी सूची के अनुसार कुल 120 प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों को एक्शन रिसर्च का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में अंबाला जिले से पांच, भिवानी व चरखी दादरी से 10, फरीदाबाद से छह, फतेहाबाद से पांच, गुरुग्राम से छह, हिसार से पांच झज्जर से छह, जींद से छह, कुरुक्षेत्र से चार, करनाल से पांच, कैथल से छह, महेंद्रगढ़ से पांच, नुहू मेवात से छह, पलवल से छह, पानीपत से छह, रेवाड़ी से छह रोहतक से छह, सिरसा से पांच, सोनीपत से छह व यमुनानगर से पांच टीजीटी अध्यापकों को एक्शन रिसर्च का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



नारनौल। एमआर स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जिलास्तरीय प्रतियोगिता में एमआर स्कूल मित्रपुरा ने मारी बाजी

**नारनौल।** जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन आरआरसीएम स्कूल कनीना में 11 अगस्त से 13 अगस्त किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा ने अंडर-17 आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल कोच रोहताश कुमार, डीपीई प्रीतम ने बताया कि अब एमआर पब्लिक स्कूल की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला महेन्द्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सियाराम यादव व प्राचार्या अनिता यादव ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को बधाई दी।

# राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक लेवल प्रतियोगिता का आयोजन

- हार-जीत जीवन का एक पहलु, हार से सबक लेकर करना चाहिए बेहतर प्रदर्शन : अजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में बुधवार को खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन के लिए ढाढ़ोत स्कूल के गणित प्रवक्ता सतन सिंह को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य अजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

तथा प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. योगेंद्र सिंह, अमित कुमार, ललित कुमार, अनील कुमार, सुमन कुमारी, उमा यादव, नीतू, अंजू डागर, हंसराज शर्मा, सुनील कुमार ने निभाई।

नोडल अधिकारी सतन सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से एचआईवी एड्स तथा हैल्थी लाइफ स्टाइल विषय एक लिखित परीक्षा करवाई गई। जिसमें कक्षा आठवीं, नौवीं व 11वीं के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में सम्मलित किया गया। जिसमें आरपीएस स्कूल से रीत सिवाच ने प्रथम, यदुवंशी स्कूल से जिया खैरवाल ने द्वितीय तथा मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में नोडल अधिकारी कहा कि हार-जीत जीवन का एक पहलू है, हमें हार से निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि हार से सबक लेकर जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। डॉ. योगेंद्र यादव व प्राचार्य अजीत सिंह ने इंस्पायर अवॉर्ड के बारे में बच्चों को इनवेटिव आइडियाज अपलोड करने के साथ-साथ भविष्य में आने वाली विज्ञान एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राव सुल्तान स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** सरकार की ओर से आयोजित क्विज प्रतियोगिता में राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने अपना परचम लहराया। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से एड्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में किया गया। हमारे विद्यालय की छात्रा हिमांशी पुत्री ईश्वर सिंह सोहला ने पांचवा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर की थी। इसमें पहले लिखित परीक्षा करवाई गई, उसके बाद 10 बच्चों का चयन किया गया। उनमें एड्स क्विज की प्रतियोगिता करवाई गई। इनमें कक्षा आठवीं नौवीं व 11वीं के बच्चों को शामिल किया गया। जो बच्चे ब्लॉक स्तर पर अपना स्थान बना पाए उनको अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बुलाया जाएगा। विद्यालय में पहुंचने पर छात्रा हिमांशी का संस्था निर्देशक सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उपप्राचार्य रामकुमार ने स्वागत किया। अपना आशीर्वाद देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**नारनौल।** सूरज स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में जिला शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतियोगिता में सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जाने के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंडर-11 शतरंज में कनिष्का पुत्री सुनील ने पहला स्थान प्राप्त किया, अंडर-11 स्केटिंग में भूमि पुत्री राजेश कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 तैराकी में वान्या पुत्री सुमेश ने 50 मीटर एवं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज अंडर-19 में लड़कियों में सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें स्नेहा पुत्री राजकुमार, प्राची पुत्री धर्मेंद्र, मीनाक्षी गुप्ता पुत्री हृदय प्रकाश गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जाने के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। शतरंज अंडर-19 में लड़कों में रवीश चौहान पुत्र विजय चौहान ने प्रथम स्थान व मानव पुत्र जोगेंद्र यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने सभी को पीछे छोड़ते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रधानाचार्य रितु चहल ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी लगातार उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया व बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि उन्होंने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ-साथ अपने माता-पिता के सहयोग को दिया। यह सफलता हमारे खेल प्रशिक्षक कृष्ण कुमार यादव की मेहनत और छात्रों की निष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



नारनौल। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कनीना के पूर्व चेयरमैन बलवान का निधन

**नारनौल।** कनीना पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन गांव मुंडियाखेड़ा निवासी बलवान सिंह प्रधान का बुधवार को निधन हो गया। पुत्र



बृजपाल ने बताया कि उनके पिता चेयरमैन बलवान सिंह 72 वर्ष के थे और गांव के सभी समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। बुधवार सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बलवान सिंह की अंतिम यात्रा में सरपंच मुंडियाखेड़ा महेंद्र सिंह, कंवर सिंह, पूर्व सरपंच बनवारीलाल, सूबेदार रघुवीर, मदनलाल, चिम्मनलाल, अशोक कुमार, हरपाल सिंह, संदीप कुमार आदि शामिल हुए।

### सार्वजनिक सूचना

मैं अशोक कुमार डोरा पुत्र श्री हरभगवान निवासी मोहल्ला गरतीवाड़ा, पुल बाजार, नारनौल तह. नारनौल जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा का रहने वाला हूं। यह कि मेरी पत्नी प्रेमकुमारी पत्नी अशोक कुमार डोरा के नाम से एक दुकान गणपति प्लाजा, प्रोपर्टी आई.डी. 3NCR7PM4 वाका मौजा आजाद चौक, गांधी बाजार, नारनौल में स्थित है। मेरी पत्नी प्रेमकुमारी पत्नी अशोक कुमार डोरा का देहान्त दिनांक 04-08-2021 को हो चुका है जिनके हम निम्नलिखित वारिसान होते हैं :-1- अशोक कुमार डोरा-पति 2-मीनाक्षी 3-शैली पुत्रियान, 4-राजन डोरा पुत्र स्व. प्रेमकुमारी पत्नी अशोक कुमार डोरा हैं। हमारे अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। अगर उपरोक्त वारसान के बारे में किसी को कोई भी एतराज है तो वह प्रकाशन प्रकाशित होने से 30 दिन तक कार्यालय व तहसील कार्यालय नारनौल अपना एतराज दे सकता है।



नारनौल। तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ।

## गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में तिरंगा यात्रा निकाली

**नारनौल।** स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल के बाद गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के आयोजन ने देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश प्रसारित किया। जिसने ढाणी किरारोद की सड़कों को तिरंगे के रंग में रंग दिया। यह यात्रा प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर वार्ड नंबर एक की गलियों से होती हुई विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। इसमें विद्यालय के छात्रों ने तिरंगा थाम कर जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस यात्रा को विद्यालय के अध्यक्ष अजय कुमार व प्राचार्य नेतराम सैनी ने झंडा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश प्रेम की भावना को विकसित करना है और यह आजादी का उत्सव हर भारतीय नागरिक बने यह प्रयास है। इस वर्ष तिरंगा यात्रा का थीम है स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग है। इस मौके पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, एमडी पूजन सैनी, सुनीता यादव, पूनम सैनी, कोमल शर्मा, पूजा, निशा सैनी, निशा यादव, रुकमा सैनी, मधु, रिया सैनी, लक्ष्मी शर्मा, धर्मपाल, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, हेमंत सैनी, बलवंत सैनी आदि मौजूद थे।



नारनौल। राव नेतराम स्कूल की छात्रा व स्टाफ।

## राव नेतराम स्कूल में छात्रा को किया सम्मानित

**नारनौल।** खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अटेली में किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर की छात्रा ने बाजी मारी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि अन्शु पुत्री योगेश कक्षा 11वीं बेगपुर ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर सुमन, संजीव, राजबाला, समता, सुरेखा, भावना आदि मौजूद थे।






# मेरी जान तिरंगा है..मेरी आन तिरंगा है..मेरी शान तिरंगा है

## महेंद्रगढ़-नारनौल

यूरोपीय व्यापारियों ने 17वीं सदी से ही भारतीय उपमहाद्वीप में पैर जमाना आरम्भ कर दिया था। अपनी सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी करते हुए ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने 18वीं सदी के अन्त तक स्थानीय राज्यों को अपने वशीभूत करके अपने आप को स्थापित कर लिया था। 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद भारत सरकार अधिनियम 1858 के अनुसार भारत पर सीधा आधिपत्य ब्रितानी ताज (ब्रिटिश क्राउन) अर्थात ब्रिटेन की राजशाही का हो गया। दशकों बाद नागरिक समाज ने धीरे–धीरे अपना विकास किया और इसके परिणामस्वरूप 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई० एन० सी०) निर्माण हुआ। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद का समय ब्रितानी सुधारों के काल के रूप में जाना जाता है जिसमें मोंटेगू–चेम्सफोर्ड सुधार गिना जाता है लेकिन इसे भी रोलेट एक्ट की तरह दबाने वाले अधिनियम के रूप में देखा जाता है जिसके कारण भारतीय समाज सुधारकों द्वारा स्वशासन का आवाहन किया गया। इसके परिणामस्वरूप महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों तथा राष्ट्रव्यापी अहिंसक आंदोलनों की शुरूआत हो गयी।

1930 के दशक के दौरान ब्रितानी कानूनों में धीरे–धीरे सुधार जारी रहेय परिणामी चुनावों में कांग्रेस ने जीत दर्ज की।ख्5,रू195दृ197 अगला दशक काफी राजनीतिक उथल पुथल वाला रहारू द्वितीय विश्व युद्ध में भारत की सहभागिता, कांग्रेस द्वारा असहयोग का अन्तिम फैसला और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग द्वारा मुस्लिम राष्ट्रवाद का उदय। 1947 में स्वतंत्रता के समय तक राजनीतिक तनाव बढ़ता गया। इस उपमहाद्वीप के आनन्दोत्सव का अंत भारत और पाकिस्तान के विभाजन के रूप में हुआ।

स्वतंत्रता से पहले स्वतंत्रता दिवस

1929 लाहौर सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज घोषणा की और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में घोषित किया। कांग्रेस ने भारत के लोगों से सविनय अवज्ञा करने के लिए स्वयं प्रतिज्ञा करने व पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति तक समय–समय पर जारी किए गए कांग्रेस के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा।

इस तरह के स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन भारतीय नागरिकों के बीच राष्ट्रवादी ईंधन झोंकने के लिये किया गया व स्वतंत्रता देने पर विचार करने के लिए ब्रिटिश सरकार को मजबूर करने के लिए भी किया गया। कांग्रेस ने 1930 और 1950 के बीच 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया।ख्8,ख्9, इसमें लोग मिलकर स्वतंत्रता की शपथ लेते थे। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी आत्मकथा में इनका वर्णन किया है कि ऐसी बैठकें किसी भी भाषण या उपदेश के बिना, शांतिपूर्ण व गंभीर होती थीं। गांधी जी ने कहा कि बैठकों के अलावा, इस दिन को कुछ रचनात्मक काम करने में खर्च किया जाये जैसे कताई कातना या हिंदुओं और मुसलमानों का पुनर्मिलन या निषेध काम, या अछूतों की सेवा। 1947 में वास्तविक आजादी के बाद भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया तब के बाद से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सन् 1946 में ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सरकार का राजकोष, हाल ही में समाप्त हुए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद खस्ताहाल था। तब उन्हें एहसास हुआ कि न तो उनके पास घर पर जनादेश था और न ही अंतर्राष्ट्रीय समर्थन। इस कारण वे तेजी से बेचौन होते भारत को नियंत्रित करने के लिए देसी बलों की विश्वसनीयता भी खोते जा रहे थे। फरवरी 1947 में प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने ये घोषणा की कि ब्रिटिश सरकार जून 1948 से ब्रिटिश भारत को पूर्ण आत्म–प्रशासन का अधिकार प्रदान करेगी। अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने सत्ता हस्तांतरण की तारीख को आगे बढ़ा दिया क्योंकि उन्हें लगा कि, कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच लगातार विवाद के कारण अंतरिम सरकार का पतन हो सकता है। उन्होंने सत्ता हस्तांतरण की तारीख के रूप में द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण की दूसरी सालगिराह 15 अगस्त को चुना। ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटिश भारत को दो राज्यों में विभाजित करने के विचार को 3 जून 1947 को स्वीकार कर लिया व ये भी घोषित किया कि उत्तराधिकारी सरकारों को स्वतंत्र प्रभुत्व दिया जाएगा और ब्रिटिश राष्ट्रमंडल से अलग होने का पूर्ण अधिकार होगा। यूनाइटेड किंगडम की संसद के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के अनुसार 15 अगस्त 1947 से प्रभावी (अब बांग्लादेश सहित) ब्रिटिश भारत को भारत और पाकिस्तान नामक दो नए स्वतंत्र उपनिवेशों में विभाजित किया और नए देशों के संबंधित घटक असेंबलियों को पूरा संवैधानिक अधिकार दे दिया। 18 जुलाई 1947 को इस अधिनियम को शाही स्वीकृति प्रदान की गयी।



सिंघानिया विश्वविद्यालय
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वतंत्रता दिवस हम सभी भारतीयों के लिए गर्व, सम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने हमें स्वतंत्र भारत का गौरव प्रदान किया। आज शिक्षा के क्षेत्र में हमारा दायित्व ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए योग्य, नैतिक और सशक्त नागरिक तैयार करना है। सिंघानिया विश्वविद्यालय इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, जहाँ हम विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता से भी समृद्ध बना रहे हैं। इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें, कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए, देश की प्रगति में सतत योगदान देते रहेंगे।
सिंघानिया विश्वविद्यालय जहाँ सपने बनते है हकीकत, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षा। 100% प्लेसमेंट, अनुभवी और समर्पित फैकल्टी। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासरूम, हॉस्टल सुविधा, बस सुविधा, स्पोर्ट्स सुविधाएं।
– प्रो. पी. एस. जस्सल
प्रो-प्रेसिडेंट एवं कैम्पस निदेशक
सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी, झुंझुनू
*आओ अपने भविष्य को पंख दे।*
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे - 9467529744, 9351468880

VIDYA BHARTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi (Affiliation No. 530925)
KHETRI ROAD, NIZAMPUR (M.GARH) HR.
VIDYA BHARTI KIDS PLAY SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi (Affiliation No. 530925)
KHETRI ROAD, NIZAMPUR (M.GARH) HR.
RAJASTHAN GROUP OF INSTITUTIONS JAKHRANA, ALWAR
RAJASTHAN PUBLIC SCHOOL
RAJASTHAN COLLEGE OF EDUCATION
(B.Ed. 2 Year & B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. 4 Year Integrated Programme)
R.P.S. PG COLLEGE (B.A., B.Sc.)
(M.A.- HINDI, POL.SCI., GEOGRAPHY)
RAJASTHAN PVT. ITI
(TRADE- FITTER & ELECTRICIAN)
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
CHAIRMAN
ADV. RAJKUMAR YADAV
MANAGING DIRECTOR
ADV. PIYUSH YADAV
MOB. NO. 9812044970
VICE CHAIRPERSON
DR. USHA YADAV
MOB. NO. 9050053407
Website:- www.rpsjhk.com
rpsjhk07@gmail.com

बचपन बोझ के लिए नहीं, मौज के लिए होता है
BACHPAN
a play school
Play Group • Nursery • K.G. • Activity Centre
1000+ Schools Nationwide • ISO 9001: 2008 Certificate
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Ramesh Saini
Chairman
M. 9416262198
Address : Mohalla Jawahar Nagar, Near Moda Ashram, Mahendergarh

VIDHYA DEVI INTERNATIONAL SCHOOL
Near NH-11 Ateli By pass , Kanina Raod Ateli Mandi
CBSE Pattern School Code - 27704 | An English Medium Co-Educational School



Selected in MBBS in Lady Hardinge Medical College, New Delhi in 2024
Preeti Yadav
Selected in IIT Jodhpur
Tanish Rai
Total 41 position in SGFI Block Level Games
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Salient Features
Special Coaching for NTSE, KVPY & Olympiads from 6th standard.
Extra Classes for weak students.
Sports Facility Available for all Games.
Interactive Digital Classroom.
Ideal Teacher-Student Ratio.
Regular Workshop for Teachers.
Special Focus on Sports & Games.
Well Equipped Science Lab.
Special Focus on Slow Learners.
Curriculum strictly based on NEP
Special Focus on English Speaking.
Well Stocked Library.
Art & Craft Classes.
Chairman: Tejpal Yadav 9466095612
Principal: Rajkumar Yadav 9466431925
Director: Vikrant Yadav 9416157378
Contact: 9416157378, 9466431925
www.vdisateli.in E-Mail: vdisateli@gmail.com

RAO SULTAN SINGH SR. SEC. SCHOOL NIMBHERA
Affiliated to B.S.E.H, Bhiwani (Permanent Recognised)
An English Medium Co-Education Day Boarding School
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



Rao Sultan Singh Kids Play School



Principal: Raj Kumar Sharma 9416420180
Vice Principal Ram Kumar 9466082066
हरियाणा ओपन किड्स प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए
Director
M.: 9050361061